रॉयल मलेशियाई नौसेना के प्रमुख का भारत दौरा

प्रलिम्सि के लिये:

भारत मलेशिया संबंध, भारत मलेशिया के मध्य व्यापार और विनिमिय की प्रवृत्ति

मेन्स के लिये:

भारत-मलेशिया संबंध और हालिया घटनाक्रम।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **रॉयल मलेशियाई नौसेना** के प्रमुख ने भारत के नौसेना अध्यक्ष के निमंत्रण पर भारत का दौरा किया।

- दोनों देशों की नौसेना ने मई 2022 में द्विपक्षीय **अभ्यास समुद्र लक्ष्मण** और जून 2022 में **नौसेना स्टाफ वार्ता** का समापन किया है।

भारत-मलेशिया संबंध:

- भारत ने **वर्ष 1957 में मलेशिया के साथ राजनयिक संबंध** स्थापित किये।
- **आर्थिक संबंध:**
  - भारत और मलेशिया ने **व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA)** पर हस्ताक्षर किये हैं।
    - CECA एक तरह का मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।
  - भारत ने 10 सदस्यीय दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) के साथ सेवाओं और निवेश में मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर भी हस्ताक्षर किये हैं।
    - मलेशिया, आसियान में **तीसरा सबसे बड़ा** व्यापारिक भागीदार है।
  - भारत और मलेशिया के मध्य द्विपक्षीय व्यापार मलेशिया के पक्ष में झुका हुआ है।
- **रक्षा और सुरक्षा सहयोग:**
  - संयुक्त सैन्य अभ्यास "हरिमऊ शक्ति" दोनों देशों के बीच प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- **पारंपरिक चिकित्सा:**
  - भारत और मलेशिया ने अक्तूबर 2010 में पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।
  - मलेशिया सरकार मलेशिया में आयुष (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने के लिये काम कर रही है।
    - मलेशिया में आयुष प्रणाली का उपयोग किया जाता है।
- **हाल के घटनाक्रम:**
  - वर्ष 2020 में भारत और मलेशिया दोनों देशों के बीच राजनयिक कूटनीति के बाद चार महीने के अंतराल के पश्चात् **मलेशियाई पाम आयल** की खरीद फिर से शुरू हुई।
  - मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत के नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) की आलोचना की थी जिसे भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप माना गया।

भारत के लिये मलेशिया का महत्त्व:

- एक ऐसे देश के रूप में **जहाँ 7.2 प्रतिशत जनसंख्या भारतीय मूल की है**, मलेशिया भारत की विदेश नीति में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।
- मलक्का जलडमरूमध्य और दक्षिण चीन सागर जैसे संचार की व्यस्त समुद्री लाइनों से घिरा, मलेशिया भी भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख स्तंभ है और भारत की समुद्री संपर्क रणनीतियों के लिये महत्त्वपूर्ण है।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्षों के प्रश्न (PYQs)

प्रश्न. दक्षणि पूर्व एशियाई देशों की अर्थव्यवस्था और समाज में भारतीय प्रवासियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस संदर्भ में दक्षणि-पूर्व एशिया में प्रवासी भारतीयों की भूमिका का मूल्यांकन कीजयि। (2017).

प्रश्न. दक्षणि चीन सागर के संबंध में, समुद्री क्षेत्रीय ववािद और बढ़ते तनाव पूरे क्षेत्र में नौवहन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता सुनश्चिति करने के लयि समुद्री सुरक्षा की रक्षा करने की आवश्यकता की पुष्ट करिते हैं। इस संदर्भ में भारत और चीन के बीच द्वपिक्षीय मुद्दों पर चर्चा कीजयि। (2014)

स्रोत: पी.आई.बी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-of-royal-malaysian-navy-visits-india